**Nai Dunia (Indore), 13th August 2023, Page – 06**

# आइआइटी इंदौर के छात्रों ने समझी सुरंग निर्माण की तकनीक



आइआइटी इंदौर के छात्रों ने सिमरोल में एनएचएआइ द्वारा बनाई जा रही सुरंग व सड़क निर्माण की कार्यप्रणाली को समझा। ● सौजन्य

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) द्वारा तेजाजी नगर से बलवाड़ा सिक्सलेन रोड का निर्माण किया जा रहा है। इस रोड पर सिमरोल के पास 530 मीटर हिस्से में सुरंग बनाई जा रही है।

शनिवार को आइआइटी इंदौर के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के 22 छात्रों ने इस सुरंग के साथ रोड के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। एनएचएआइ की टीम ने छात्रों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब भी दिए और निर्माण कार्य के दौरान आने वाली प्रायोगिक समस्याओं और उन्हें हल करने के तरीके के बारे में भी बताया।